**क्षेत्रीय सहयोग हेतु साउथ एशियन**
**एसोसिएशन सचिवालय**

**सार्क**

**फैक्स संदेश स.: 117/02/012**

**स. सार्क/एआरडी/77/एससी/बी/2017 (वॉल-III)**

**सार्क कृषि केन्द्र पीएचडी छात्रवृत्ति: आवेदनपत्र आमंत्रित किया जाना**

क्षेत्रीय सहयोग हेतु (सार्क) साउथ एशियन एसोसिएशन का सचिवालय सार्क के सदस्य देशों के विदेश मंत्रालयों का अभिनन्दन करता है यह बताते हुए गौरव अनुभव करता है कि गतिविधियों के अपने अनुमोदित कैलेंडर-2018 के अनुसार सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी) ने सार्क कृषि पीएचडी छात्रवृत्ति-2018 हेतु "आवेदन पत्र आमंत्रित करने" की घोषणा कर दी है | एसएसी, सार्क के सदस्य देशों में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान, एक्सटेंशन एवं शैक्षिक पद्धति के नियमित कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है इसमें बांग्लादेश शामिल नहीं है क्योंकि वर्ष 2017 में बांग्लादेश द्वारा इस अवसर का लाभ उठा लिया गया है | (बांग्लादेश छोड़कर) सम्मानित विदेश मंत्रालयों से अनुरोध है कि वे निम्न कार्यालयों की वेबसाइटस पर "सार्क कृषि पीएचडी छात्रवृत्ति-2018" के लिए घोषणा को अपलोड़ करने हेतु आवश्यक उपाय करें-

1. विदेश मंत्रालय;
2. संबंधित मंत्रालय एवं कार्यालय;
3. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं एक्सटेंशन पद्धति (एनएआरईएस); और
4. संबंधित पेशेवर संगठन/निकाय/संस्थाएँ

सम्मानित सदस्य देशों को व्यापक परिचालन हेतु इसे जनता के लिए सुलभ साईट्स पर भी पोस्ट कर देना चाहिए | निर्धारित आवेदन पत्र फार्म एसएसी की वेबसाइट (www.sac.org.bd) से डाउनलोड किया जा सकता है और आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 15 अप्रैल 2018 है |

कृपया इस मामले में अन्य किसी जानकारी हेतु निदेशक, एसएसी (director@sac.org.bd) और डॉ. डब्ल्यू.ए.आर.टी. विक्रमाद्देही, वरिष्ठ कार्यक्रम विशेषज्ञ, एसएसी, ढाका, बांग्लादेश (दूरभाष: +88-2-8141140 फैक्स: +88-2-9124596, सेल: +880-1754696984, ईमेल: wartwa@gmail.com) से संपर्क किया जा सकता है |

इस अवसर पर क्षेत्रीय सहयोग हेतु साउथ एशियन एसोसिएशन (सार्क) का सचिवालय, सार्क के सदस्य देशों के विदेश मंत्रालयों को उनका विशेष रूप से ध्यान रखने का आश्वासन देता है |

**संलग्नक: ऊपर बताएनुसार**

**काठमाण्डू, 23 जनवरी 2018**

सार्क के सदस्य देशों के विदेश मंत्रालय

ध्यानार्थ: महानिदेशक/संयुक्त सचिव (सार्क प्रभाग)

प्रति: (i) एसएसी के समस्त गवरनिंग बोर्ड सदस्य, सार्क सदस्य; और

(ii) सार्क क्षेत्रीय केन्द्रों/विशिष्टीकृत बाडीज के प्रमुख, अपने वेब प्रष्ठ पर इसे पोस्ट करने के लिए; और

(iii) निदेशक, सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी), फार्मगेट, ढाका |

**पोस्ट बॉक्स नं. 4222, काठमाण्डू, नेपाल**

**दूरभाष: +9771-4-227185, फैक्स: +9771-4-227033, -4-22391**

**ईमेल: saarc@saarc-sec.org**

# सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी)

**सन्दर्भ: एसएसी सं. 643/2018/08** **दिनांक: 18-01-2018**

**एच.ई. सेक्रेटरी जनरल**
**सार्क सचिवालय,**
**काठमाण्डू, नेपाल**

ध्यानार्थ: सुश्री इशरत जहाँ, निदेशक (एआरडी), सार्क सचिवालय, काठमाण्डू, नेपाल
**विषय: सार्क कृषि पीएचडी छात्रवृत्ति 2018 हेतु आवेदनपत्र आमंत्रण के लिए क्रियार्थक (वरबेल) नोट जारी किए जाने का अनुरोध**

महामहिम
सार्क कृषि केन्द्र की ओर से अभिवादन |
क्षेत्र में युवा वैज्ञानिकों के क्षमता निर्माण की दशा में किए जा रहे सतत प्रयासों के तहत महत्वकांक्षी युवा कृषि वैज्ञानिकों को सार्क सदस्य देशों के प्रतिष्ठित कृषि विश्विद्यालयों में अपने पीएचडी डिग्री कार्यक्रम के अनुसरण हेतु सहयोग देने के लिए सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी) ने सार्क कृषि पीएचडी छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत की है | हम आपको सहर्ष सूचित करते हैं कि बांग्लादेश के एक उम्मीदवार को 2017 के लिए छात्रवृत्ति का अवसर पहले ही प्रदान किया जा चुका है | 54वीं कार्यक्रम समिति के अनुमोदन और मार्गदर्शन के अनुसार वर्ष 2018 हेतु सार्क कृषि पीएचडी छात्रवृत्तियों के आमंत्रण की घोषणा करते हुए एसएसी प्रसन्नता का अनुभव करता है | एसएसी, सार्क सदस्य देशों के राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान, एक्सटेंशन एवं शैक्षिक पद्धति में पदस्थ नियमित कर्मचारियों से आवेदनपत्र आमंत्रित करता है | इसमें बांग्लादेश शामिल नहीं है क्योंकि वर्ष 2017 में बांग्लादेश द्वारा इस अवसर का लाभ उठा लिया गया है | आवेदकों के पास समुचित अनुसंधान कंपोनेंट सहित कृषि अर्थशास्त्र और सम्बद्ध विज्ञानों में मास्टर या उसके समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए | यह छात्रवृत्ति, कृषि स्नातकोत्तर संस्थान, पैराडेनिया विश्वविधालय, श्रीलंका में 2018 से शुरू हो रहे 3 वर्षों के लिए कृषि अर्थशास्त्र में पीएचडी स्तर की स्नातकोत्तर योग्यता अर्जित करने हेतु वित्तीय मदद प्रदान करती है | विस्तृत दिशानिर्देशों सहित आवेदनपत्र प्रारूप के साथ आवेदनपत्र आमंत्रण हेतु परिपत्र यहाँ संलग्न है (www.sac.org.bd पर भी उपलब्ध है) सभी सपोर्टिंग दस्तावेजों सहित विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, संबंधित मंत्रालयों और सम्बद्ध गृह देशों के विदेश मंत्रालयों के सार्क प्रभाग के जरिए 15 अप्रैल 2018 तक या उससे पहले निदेशक, एसएसी, ढाका, बांग्लादेश को भेज दिए जाने चाहिए |
महामहिम, अत: मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि आप कृपया बांग्लादेश को छोड़कर प्रत्येक सदस्य देश के विदेश मंत्रालय को एक एक क्रियार्थक नोट जारी कर दें तथा अत्यन्त योग्य उम्मीदवारों में से नामांकनों की सुगमता हेतु संबंधित एसएसी-जीबी सदस्यों को एक प्रति प्रेषित कर दें |
महामहिम, मेरे अत्यधिक सहयोग के आश्वासन सहित
भवदीय

डॉ. एसएम बोखतियार
निदेशक


**बीएआरसी परिसर, न्यू एयरपोर्ट रोड, फार्मगेट, ढाका-1215, बंगलादेश**
दूरभाष: +880-2-58153152, पीएबीएक्स: 8141140, 8141655, 9122808, फैक्स: +880-2-9124596
ईमेल: director@sac.org.bd: वेब: sac.org.bd

**आवेदनपत्र आमंत्रित किया जाना- स्नातकोत्तर कृषि संस्थान (पैराडेनिया विश्वविधालय, श्रीलंका) में कृषि अर्थशास्त्र में सार्क कृषि पीएचडी छात्रवृत्ति 2018**

**आवेदनपत्र प्राप्ति की आखिरी तारीख: 15 अप्रैल 2018**

श्रीलंका में कृषि अर्थशास्त्र में पीएचडी अध्ययन के अनुसरण हेतु (बंगलादेश को छोड़कर) सार्क सदस्य देशों के संभावी उम्मीदवारों से आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं | उम्मीदवारों को अपने आवेदनपत्र 15 अप्रैल 2018 तक या उससे पहले निदेशक, सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी), ढाका, बंगलादेश को भेज देने चाहिए |

**प्रस्तावना**

सार्क के दायरे के अन्तर्गत सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी) दक्षिण एशिया में कृषि अनुसंधान एवं विकास संस्थाओं एवं नीति निर्धारकों के मध्य क्षेत्रीय नेटवर्क के जरिए कृषि अनुसंधान एवं तकनीकी स्थानांतरण को सशक्त बनाने हेतु कार्य करता रहा है | दक्षिण एशिया में चयनित कृषि विश्वविधालयों एवं संस्थाओं में अपनी पीएचडी डिग्री जारी रखने के लिए क्षेत्र के महत्वकांक्षी कृषि वैज्ञानिकों की सहायतार्थ एसएसी ने पहल करते हुए विभिन्न कदम उठाएं हैं | 2018 के शैक्षिक वर्ष हेतु वार्षिक पीएचडी छात्रवृत्तियों के प्रस्ताव की एसएसी सहर्ष घोषणा करता है | यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 2017 हेतु सार्क पीएचडी छात्रवृत्ति अवसर बंगलादेश को पहले ही दिया जा चुका है | अत: बंगलादेश को छोड़कर, सार्क सदस्य देशों से 3 वर्षों हेतु कृषि अर्थशास्त्र के क्षेत्र में पीएचडी के अनुसरण में वर्ष 2018 के लिए पीएचडी छात्रवृत्तियों हेतु आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं | ये छात्रवृत्तियां प्रतिस्पर्द्धात्मक एवं योग्यता पर आधारित हैं जो राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एक्सटेंशन एवं शैक्षिक पद्धति के नियमित कर्मचारियों हेतु अवसर प्रदान करती हैं ताकि पीएचडी योग्यता हासिल की जा सके |

**पात्रता**

आवेदक अनिवार्य रूप से बंगलादेश को छोड़कर (अफगानिस्तान, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) सार्क सदस्य देशों का नागरिक होना चाहिए और वह अनिवार्यत: संबंधित सदस्य देशों के राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान, एक्सटेंशन एवं शैक्षिक पद्धति का नियमित कर्मचारी होना चाहिए | आवेदनपत्र की आखिरी तारीख (15 अप्रैल 2018) को आवेदक की उम्र अनिवार्य रूप से 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए | आवेदकों के पास कृषि अर्थशास्त्र, कृषि कारोबार और संबंधित विषय में संबंधित स्नातकोत्तर योग्यता (एसएससी/एमएस/एमफिल) होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष के सारगर्भित अनुसंधान के साथ अर्जित की गई हो | उम्मीदवारों से अपेक्षित है की उनका शानदार शैक्षिक अभिलेख हो और उनमे अंग्रेजी लिखने, बोलने की अच्छी योग्यता होनी चाहिए | इसके अलावा, कृषि अर्थशास्त्र में प्रकाशन रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी | श्रीलंका में पीएचडी हेतु आवेदक वर्ष 2018 से 3 वर्षों हेतु पूर्ण समय के लिए उपलब्ध होना चाहिए |

**आवेदन कैसे करें**

कृषि अर्थशास्त्र में पीएचडी अध्ययन अनुसरण हेतु इच्छुक भावी उम्मीदवारों से आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं | उम्मीदवारों को पीएचडी रुपरेखा और उसके पक्ष में दस्तावेजों (स्नातकोत्तर एवं मूलभूत डिग्री प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रतियों, स्नातकोत्तर अनुसंधान थीसिस का शीर्षक प्रष्ठ, वर्तमान सीवी, प्रकाशनों की प्रतियाँ, जन्म प्रमाण पत्र का अंग्रेजी पाठ, पासपोर्ट प्रति, अंग्रेजी दक्षता का प्रमाण) सहित आवेदनपत्र निदेशक, एसएसी को 15 अप्रैल 2018 तक या उससे पहले संबंधित मंत्रालयों और उस सार्क प्रभाग के जरिए प्रष्ठाक्नो सहित भेजने चाहिए जो गृहदेश के विदेश मंत्रालय के अधीन हों | आवेदनपत्र के सैट की एक स्कैन की गई प्रति ई-मेल के माध्यम से एक अग्रिम प्रति के रूप में सीधे निदेशक, एसएसी को भेज दी जानी चाहिए | दाखिला परिपत्र और आवेदनपत्र प्रारूप www.sac.org.bd पर उपलब्ध हैं |

**पीएचडी अनुसंधान रूपरेखा**

“व्यापार एवं विकास” के दिए गए थीमैटिक क्षेत्र में पीएचडी अनुसंधान के लिए अधिकतम 8 प्रष्ठों की एक रूपरेखा (संक्षिप्त प्रस्ताव) आवेदकों को प्रस्तुत करनी चाहिए जिसमें दक्षिण एशिया में कृषि खाद्य निर्यातों की प्रवृत्तियों, क्षेत्र के अन्दर और बाहर क्षेत्रीय व्यापार के अवसरों, कृषि खाद्य मदों के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय निर्यात के निर्धारक तत्व, क्षेत्रीय नीतियों और दक्षिण एशिया के रेगुलेटरी दायरे, और यहाँ दिए गए प्रारूप के अनुसार क्षेत्रीय एवं सार्वभौमिक व्यापार की बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता हेतु प्रस्तावित क्षेत्रीय संस्थागत व्यवस्थाओं का समावेश हो | यह जानने के लिए पीएचडी अनुसंधान रूपरेखा का मूल्यांकन किया जाएगा कि क्या प्रस्तावित अनुसंधान दिए गए थीमैटिक क्षेत्र और अनुसंधान प्रस्ताव की वैज्ञानिक गुणवत्ता के अनुरूप है या नहीं | अनुसंधान के निष्कर्ष से वर्तमान ज्ञान में अनिवार्य रूप से वृद्धि और “व्यापार तथा विकास” के क्षेत्र में ज्ञान की कमी पूर्ण होनी चाहिए |

**रूपरेखा प्रारूप**

1.शीर्षक 2. प्रस्तावना 3. उददेश्य 4. साहित्य की समीक्षा 5. कार्य योजना एवं विधि-विधान 6. अनुमानित परिणाम 7. सन्दर्भ

**चयन प्रक्रिया**

सदस्य देशों से आखिरी तारीख तक प्राप्त आवेदनों का निम्न कसौटी पर पूर्व मूल्यांकन निदेशक, एसएसी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा:

1. उम्मीदवार का शैक्षिक अभिलेख (स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्री)
2. संबंधित क्षेत्र में प्रकाशन एवं अनुभव
3. पीएचडी अनुसंधान रूपरेखा की गुणवत्ता और सहबद्धता

सर्वाधिक योग्य उम्मीदवार के चयन हेतु क्षेत्रीय विशेषज्ञ के दल की समिति द्वारा छांटे गए आवेदकों का अंतिम रूप से मूल्यांकन किया जाएगा |

**अवधि एवं पद स्थापना**

एसएसी द्वारा पदनामित सार्क देशों के किसी कृषि विश्वविधालय पुरस्कार रक्षणीय हैं | पूर्णकालिक आधार पर कोषव्यवस्था 03 वर्षों के लिए है | एसएसी द्वारा पदस्थापना और दाखिले में सहायता की जाएगी |

**पीएचडी कार्यक्रम एवं अनुसंधान हेतु थीमैटिक क्षेत्र**

| स. | पीएचडी कार्यक्रम 2018 का नाम | पीएचडी अनुसंधान का थीमैटिक क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | कृषि अर्थशास्त्र | व्यापार एवं विकास |

**मेजबान संस्थान**

सफल उम्मीदवार को कृषि स्नातकोत्तर संस्थान, यूनिवर्सिटी ऑफ़ पैराडेनिया (पीजीआईए-यूओपी), श्रीलंका (http://www.pgia.ac.lk) में कृषि अर्थशास्त्र में पीएचडी अनुसरण हेतु दाखिला दिया जाएगा | पीजीआईए-यूओपी श्रीलंका में कृषि विज्ञानों में उच्च शिक्षा हेतु एक प्रमुख संस्थान है जहाँ अनुसंधान कार्यक्रमों को सुगम बनाने के साथ-साथ अत्यधिक अद्यतन जानकारी पर विशेष ध्यान देते हुए 31 विषयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम पढ़ाए जाते हैं | गत चार दशकों से इसने शानदार प्रगति की है और श्रीलंका में कृषि विज्ञान में उच्च शिक्षा के अन्तर्गत एक "सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस" के रूप में इसकी ख्याति फैली है |

**छात्रवृत्ति एवं इसे शामिल किया जाना**

1. गृह देश से श्रीलंका तक जाने और पीएचडी अध्ययन की समाप्ति पर वापसी इकॉनामी क्लास से हवाई जहाज का किराया
2. ट्यूशन फीस (मेजबान संस्थान द्वारा आंशिक रूप से इसमें छूट दी गई है |)
3. प्रतिमाह 600 अमेरिकी डॉलर की दर से लिविंग भत्ते (3 वर्षों तक)
4. पुस्तकों, अध्ययन सामग्री, कम्प्यूटर एवं थीसिस निर्माण पर होने वाले खर्च को वहन करने के लिए 1000 अमेरिकी डॉलर की एकबारगी सहायता
5. पीएचडी पर्यवेक्षक की संस्तुति पर अनुसंधान एवं अन्य लागतों को वहन करने के लिए प्रतिवर्ष 1000 अमेरिकी डॉलर की सहायता

**सहायिकी की दशाएं**

अनुसंधानकर्ता द्वारा आवेदनपत्र में वर्णित अध्ययन के विशिष्ट पाठ्यक्रम, अनुसंधान के थीमैटिक क्षेत्र में बदलाव नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य पीएचडी पाठ्यक्रम हेतु पंजीकरण को स्थानांतरित किया जाएगा | पाठ्यक्रम से नाम वापस लेने की अनुमति नहीं है | यदि पाठ्यक्रम वापस लिया जाता है तो अनुसंधानकर्ता से समस्त खर्चों की वसूली का एसएसी का अधिकार सुरक्षित है | असंतोषजनक आचरण प्रगति या उपस्थिति संबंधी कारणों से अवार्ड किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है या विश्वविधालय द्वारा किसी भी कारण से पंजीकरण निलंबित या समाप्त किया जाता है तो भी अवार्ड को समाप्त किया जा सकता है |

**किससे संपर्क करें**

डॉ. डब्लू.ए.आर.टी. विक्रमाछीछी वरिष्ठ कार्यक्रम विशेषज्ञ (प्राथमिकता निर्धारण एवं कार्यक्रम विकास), सार्क कृषि केन्द्र, ढाका, बंगलादेश टेलीफोन: +88-2-8141140, फैक्स: +88-2-9124596, मो.: +880-1754696984, ई-मेल: wartwa@gmail.com

**निदेशक**

**सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी)**

बीएआरसी परिसर

न्यू एयरपोर्ट रोड,

ढाका-1215, बंगलादेश

(director@sac.org.bd)

| संदर्भ सं. (केवल कार्यालयीन प्रयोग हेतु) | |
|---|---|

4सीएम × 3सीएम का रंगीन फोटो-ग्राफ कृपया यहाँ लगाएं |

# सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी)
# ढाका, बंगलादेश

## सार्क कृषि छात्रवृत्ति-2018 हेतु आवेदनपत्र

**महत्वपूर्ण**

- बंगलादेश को छोड़कर (अफगानिस्तान, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) सार्क सदस्य देशों से राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान, एक्सटेंशन एवं शैक्षिक पद्धति के नियमित कर्मचारी ही आवेदन के लिए पात्र हैं |
- 30 अप्रैल 2018 को आवेदकों की आयु 45 वर्ष या उससे कम होना आवश्यक है |
- विधिवत रूप से भरे हुए आवेदनपत्र संबंधित संस्थाओं और मंत्रालयों के संबंधित प्रमुख के जरिए भेजे जाने चाहिए |
- इस आवेदनपत्र के साथ डिग्री प्रमाणपत्रों, शीर्षक प्रष्ठ और स्नातकोत्तर थीसिस के सारांशो, पासपोर्ट (सूचना प्रष्ठ), जन्म प्रमाण पत्र (अंग्रेजी पाठ), आपके रोजगार के प्रमाणस्वरुप दस्तावेजों, अंग्रेजी दक्षता के प्रमाण की प्रतियाँ, प्रस्तावित पीएचडी अनुसंधान की रूपरेखा और प्रकाशनों की प्रतियाँ संलग्न की जानी चाहिए |
- किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा |

1. **पूरा नाम:**
2. **वर्तमान रोजगार (पद का नाम):**
3. **अधिकारिक पता:**

   दूरभाष:
   फैक्स:
   ई-मेल:
4. **स्थायी आवास का पता:**

   दूरभाष:
   ई-मेल:
5. **जन्म की तारीख:**
6. **30 अप्रैल 2018 को आयु (वर्ष/माह/दिन):**
7. **राष्ट्रीयता**
8. **लिंग**

**9. वैवाहिक स्थिति:**

**10. पासपोर्ट संख्या:**

**11. शैक्षिक योग्यताएं (उच्चतम योग्यता से):**

| डिग्री | वर्ष | | विश्वविधालय/संस्थान | मुख्य विषय | ग्रेड/श्रेणी/डिवीजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**12. स्नातकोत्तर अनुसंधान का शीर्षक (एमएससी, एमएस, एमफिल)/थीसिस का शीर्षक**

**13. रोजगार अभिलेख (सबसे हाल वाली स्थिति से):**

| धारित पद/ स्थिति/ रैंक | संगठन/ संस्था का नाम और पता | सेवा की अवधि (माह/वर्ष) | | पद का संक्षिप्त विवरण एवं उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**14. अनुसंधान लेखों, पुस्तकों, अध्यायों, सारांशो और लोकप्रिय लेखों आदि सहित वैज्ञानिक प्रकाशनों की सूची (यदि दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अलग से एक प्रष्ठ संलग्न करें):**

**15. दिए गए थीमैटिक क्षेत्र/विशिष्टीकरण के अन्तर्गत पीएचडी के अनुसरण हेतु सहमति (सही का निशान लगाएं (✓)):**

| सं. | पीएचडी कार्यक्रम का नाम | थीमैटिक क्षेत्र/ विशिष्टीकरण | सही का निशान (✓) |
|---|---|---|---|
| 1. | कृषि अर्थशास्त्र | व्यापार एवं विकास | |

**16. प्रस्तावित पीएचडी अनुसंधान का शीर्षक (पीएचडी रूपरेखा अनिवार्यत: संलग्न की जानी चाहिए):**

**उम्मीदवार द्वारा घोषणा**

मैं एतदद्वारा घोषणा करता हूँ की उक्त मदों के अन्तर्गत मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है | मुझे मालूम है कि कोई भी असत्य कथन या इस फार्म में नहीं बताई गई कोई आवश्यक जानकारी, छात्रवृत्ति के किसी भी प्रस्ताव को वापस लिए जाने का आधार बनेगा | ऐसे अध्ययन के कार्यक्रम में मेरा चयन हो जाने की दशा में, जिसके लिए मैंने आवेदन किया है, मैं संस्थान के उन विनियमों का पालन करने हेतु पूर्णतया सहमत हूँ जो मुझ पर लागू होंगे |

____________________

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांक:

**उम्मीदवार के नियोजक/संस्थान प्रमुख/विभाग के प्रमुख की संस्तुति**

मैं एतदद्वारा प्रमाणित करता हूँ की श्री/श्रीमती/कु. ........................................................................
........................................................................का (पूरा नाम) ....................................................
...........................................................................................................................................
........................................................................................................................ (अधिकारिक पता) को सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी) ढाका, बंगलादेश द्वारा दिए जाने वाले पीएचडी कार्यक्रम को जारी रखने हेतु कार्यक्रम शुरू होने की तारीख से 3 वर्षों के लिए प्रतिनियुक्ति पर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा |

दिनांक: .................................. हस्ताक्षर: ..........................................................................

नाम: .........................................................................................................................

पता: .........................................................................................................................

........................................

अधिकारिक रबड़ की मोहर

---

**संबंधित मंत्रालय की संस्तुति**

मैं एतदद्वारा प्रमाणित करता हूँ की श्री/श्रीमती/कु. ........................................................................
........................................................................का (पूरा नाम) ....................................................
...........................................................................................................................................
........................................................................................................................ (अधिकारिक पता) जो मंत्रालय (संबंधित मंत्रालय का नाम) के अन्तर्गत हैं, को सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी) ढाका, बंगलादेश द्वारा चलाए जा रहे पीएचडी कार्यक्रम के अनुसरण हेतु पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने की तारीख से 3 वर्षों हेतु प्रतिनियुक्ति पर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा |

दिनांक: .................................. हस्ताक्षर: ..........................................................................

नाम: .........................................................................................................................

पता: .........................................................................................................................

........................................

अधिकारिक रबड़ की मोहर